हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 हिंदू समाज के संगठन में भारत के साथ पूरे विश्व...



07 अश्रुपूर्ण आँखों से माँ को दी विदाई



### जुलूस में मामूली टक्कर पर हुआ जमकर विवाद, कई लोगों से की मारपीट

## मूर्ति विसर्जन के जुलूस में उत्साह का माहौल अचानक तनाव में बदला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़





नगर में बुधवार को नवमी पर आयोजित मूर्ति विसर्जन चल समारोह के दौरान माहौल अचानक गर्मा गया। आगर-सारंगपुर मार्ग पर जुलूस में शामिल वाहन से एक बाइक चालक की मामूली टक्कर हो गई, जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि जुलूस में शामिल कुछ लोगों ने न सिर्फ बाइक चालक की पिटाई कर दी बल्कि बीच-बचाव करने आए लोगों को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम माहूखोरा, बूडाडूंगर, दीपू, चकबड़ा बीड़, नई दिल्ली और झंडावाली से बंजारा समाज के लोग मूर्ति विसर्जन के लिए लखुंदर नदी जा रहे थे। इसी दौरान नगर के आगर-सारंगपुर मार्ग पर पंकज बिजापारी पिता जोरावर सिंह बिजापारी अपनी दुकान से घर मोटरसाइकिल से जा रहे थे।

चल समारोह के पास उनकी गाड़ी आगे चल रही कार से हल्की टकरा गई और कुछ कहासुनी हुई जिससे जुलूस में शामिल कुछ युवक भड़क गए और पंकज से मारपीट करने लगे। पंकज के साथ मारपीट की घटना देख परिवार के सुनील, महेंद्र, धीरज, राहुल मौके पर मौजूद लोगों से बीच-बचाव करना चाहा, तो उन पर भी उक्त लोगों ने डंडे से हमला कर दिया गया। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान बचाने गए नगर परिषद अध्यक्ष के पुत्र सुनील के साथ भी हाथापाई कर मार पीट की गई। अचानक हुई इस घटना से जुलूस का माहौल बिगड़ गया और तनाव फैल गया।घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग सड़क पर एकत्रित हो गए और रोड पर जाम लगाया, लेकिन समाज के वरिष्ठजनो और थाना प्रभारी की समझाइश के बाद जाम खोल दिया गया, उसके बाद सभी थाने पहुंच गए और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने फरियादी पंकज, राहुल, सुनील, महेंद्र, धीरज की रिपोर्ट पर आरोपियों में मदन उर्फ वकील बंजारा पिता घासीराम, हेमराज बंजारा, अजय चौहान, राहुल बंजारा सभी निवासी झंडावाली वहीं एक और आरोपी पप्पू बंजारा निवासी दीपू का डेरा सहित अन्य 15 से अधिक आरोपियों पर मारपीट और अन्य धाराओं में केस पंजीकृत कर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



घटना के बाद से नगर में तनाव का माहौल बनाथाना प्रभारी राजकुमार दांगी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर पांच नामजद आरोपी के साथ अन्य 15 से अधिक लोगों के ऊपर मामला दर्ज किया है।

## पुलिस थाने में मंत्रोच्चार के साथ किया शस्त्र पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर कानड़ थाने में पारंपरिक शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। शस्त्र पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में इस पर्व पर पुलिस बल की शक्ति, साहस और अनुशासन को दर्शाता है। थाना प्रभारी और स्थाफ ने किया पूजन थाना प्रभारी राजकुमार दांगी की उपस्थिति में थाने के समस्त स्टाफ ने विधिवत तरीके से अपने शस्त्रों का पूजन किया। पूजन के दौरान शस्त्रों को तिलक लगाकर, फूल माला अर्पित कर पूजा-अर्चना के साथ उन्हें वंदन किया गया। शस्त्र पुलिस की ड्यूटी और समाज की सुरक्षा में सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी होते हैं। शस्त्र पूजन इस बात का प्रतीक है कि पुलिस बल पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए हमेशा तैयार है।

### विजयादशमी पर पुलिस थाने पर किया गया शस्त्र पूजन

**नलखेड़ा**। गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर शुभ मुहूर्त में स्थानीय पुलिस थाने के शस्त्रागार में थाना प्रभारी नागेश यादव के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों व पुलिस जवानों द्वारा विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ शस्त्र पूजन किया गया।



### स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 14 तक

**सीहोर**। बच्चों में दिव्यांगता की पहचान एवं त्वरित दिव्यांगता प्रमाण-पत्र उपलब्ध करने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। यह शिविर 14 नवंबर तक आयोजित किए जाएंगे। चिन्हित बच्चों को उनकी जरूरत के अनुसार सुविधाएं और परिचय-पत्र मुहैया कराए जाएंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण ने बताया कि मध्यप्रदेश में हाई कोर्ट के निर्देश पर गठित जुनाईविल जस्टिस कमेटी की अनुशंसा पर 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों में दिव्यांगता की पहचान के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### अवकाश दिनों में भी बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**सीहोर**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत 07 अक्टूबर (महर्षि वाल्मीकी जयंती), 21 अक्टूबर (गोवर्धन पूजा), समस्त शनिवार (04, 11, 18 एवं 25 अक्टूबर) तथा समस्त रविवार (05, 12, 19 एवं 26 अक्टूबर)को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे।

## शिक्षा विभाग में बवाल, बीईओ और शिक्षक आमने-सामने
## शराब, अभद्र व्यवहार और वेतन विवाद ने अब पकड़ा तूल

**सीहोर**। जिला शिक्षा विभाग का माहौल उस समय गरमा गया, जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सुश्री दीपा कीर और प्राथमिक शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा आमने-सामने भिड़ गए। यह घटना 25 सितंबर 2025 को बीईओ कार्यालय में घटी, जिसने पूरे शिक्षा महकमे को हिला कर रख दिया है। बीईओ सुश्री दीपा कीर का आरोप है कि शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा शाला संचालन समय में स्कूल बंद करके उनके कार्यालय पहुंचे और शराब के नशे में अशोभनीय व्यवहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार वेतन संबंधी जानकारी के लिए कार्यालय आने वाले विश्वकर्मा ने बातचीत के दौरान अनुचित आचरण किया और कहा, "मैं भूतपूर्व सैनिक हूँ, आप मेरा क्या कर लोगी।" इसके संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर और पुलिस से भी शिकायत की है।

### विभागीय गरिमा पर सवाल

इस पूरे विवाद ने शिक्षा विभाग की छवि पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक ओर अधिकारी का दावा है कि शिक्षक ने नशे की हालत में अभद्रता की, वहीं दूसरी ओर शिक्षक का कहना है कि अधिकारी ने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी। यह टकराव न केवल विभागीय अनुशासन को धूमिल करता है, बल्कि शिक्षकीय पद की गरिमा पर भी चोट करता है।

### शिक्षक का पलटवार : वेतन और दुर्व्यवहार की शिकायत

वहीं, शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित शिकायत दी है। उनका कहना है कि अगस्त माह का उनका वेतन अब तक जारी नहीं किया गया, जबकि उन्होंने चिकित्सीय अवकाश की विधिवत रिपोर्ट जमा की थी। विश्वकर्मा का आरोप है कि बीईओ ने उन्हें धमकाते हुए कहा कि "अभी तुम्हारा वेतन नहीं मिलेगा, तुम्हारी पेंशन भी रुकवा दूंगी।" साथ ही मोबाइल छीनकर टेबल पर पटक दिया, जिससे मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया।

### सीसीटीवी और गवाह बने सबूत

घटना के दौरान कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों ने भी शिक्षक और बीईओ के बीच विवाद को देखा। शिक्षक का कहना है कि उनके पास टूटा हुआ मोबाइल और कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज इस घटना के साक्ष्य हैं। उन्होंने यह भी दावा किया है कि पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग उपलब्ध है, जिसे देखकर सच्चाई स्पष्ट हो सकती है।

**जांच और कार्रवाई की मांगः** घटना की सूचना कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी और थाना कोतवाली सीहोर को भी भेजी गई है। अब मामला प्रशासन और पुलिस के संज्ञान में है। शिक्षक ने 25,000 रुपये के क्षतिग्रस्त मोबाइल का हर्जाना और न्याय की मांग की है। दूसरी ओर बीईओ ने शिक्षक पर अनुशासनहीनता और शराब सेवन के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन की जांच रिपोर्ट ही तय करेगी कि सच कौन बोल रहा है, लेकिन फिलहाल यह मामला शिक्षा विभाग में गरम चर्चा का विषय बना हुआ है।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसएस तोमर का कहना है कि मामले के संबंध में शिक्षक शिवनारायण विश्वकर्मा और बीईओ दीपा कीर के शिकायती आवेदन उनके पास प्राप्त हुए हैं। मामले में जांच कराई जा रही है।

## दो डॉक्टर और उनके दो रिश्तेदार को छह-छह महीने का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर की प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सुजाता परमार के भाई पैथोलॉजिस्ट सुभाष परमार और उसकी कथित पत्नी डॉ. दीप्ति गुप्ता व चन्द्रेश परमार, ब्रजेश परमार आदि को अपर सत्र न्यायाधीश भोपाल की कोर्ट ने 6 महीने के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों के खिलाफ भोपाल के बागसेवनिया थाने में 22 नवंबर 2018 को धारा 307/149, 323, 494, 147, 148, 506, 427 भारतीय दण्ड संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने फरियादी चाणक्यपुरी सीहोर निवासी श्वेता परमार की शिकायत पर जांच के बाद अभियोजन पत्र न्यायालय में पेश किया, जहां न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपियों को तीन अलग-अलग धाराओं में 6-6 महीने का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

अपर लोक अभियोजक नूतन नागर के मुताबिक फरियादी श्वेता परमार 22 नवंबर 2018 को सीहोर से अपने ससुराल अरविंद्र विहार भोपाल गई थीं, तभी वहां पति डॉ. सुभाष परमार और उनकी कथित पत्नी डॉ. दीप्ति गुप्ता व डॉ. सुभाष के मामा के लडक़े चन्द्रेश परमार और ब्रजेश परमार से किसी बात पर कहासुनी हो गई। आरोपियों ने न केवल फरियादी महिला के साथ अभद्रता की, बल्कि उसके भाई और परिजन के साथ भी जमकर मारपीट की। पीड़ित मौके से जान बचाकर भागे और बागसेवनिया थाने पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तत्काल पीड़ित पक्ष का मेडिकल कराया और भारतीय दण्ड संहिता की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो बाद में जमानत पर रिहा हो गए। अपर सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार जैन की कोर्ट ने मामले में सुनवाई के बाद आरोपियों के खिलाफ तीन अलग-अलग धाराओं में 6-6 महीने के कारावास की सजा सुनाई है।

## बच्चों ने किया रावण दहन



**नलखेड़ा**। भारत एक ऐसा देश है जहां त्योहार केवल धार्मिक महत्व ही नहीं रखते बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षाओं का भी संदेश देते हैं। इन्हीं पर्वों में से एक है रावण दहन जो हर वर्ष दशहरे के दिन पूरे देशभर में उत्साह और धूमधाम से मनाया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दशहरा के अवसर पर जायसवाल कॉलोनी में बच्चों द्वारा रावण बनाकर आतिशबाजी कर रावण दहन किया गया। इस दौरान वातावरण जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर कॉलोनी के नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बुजुर्गों की मुस्कान घर को स्वर्ग बना देती है: कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा

**सीहोर**। बुजुर्गों की मुस्कान घर को स्वर्ग बना देती है, क्योंकि वे परिवार के लिए एक अनमोल धरोहर होते हैं, जिनके होने से घर आनंदित और खुशहाल रहता है। बुजुर्ग परिवार के मार्गदर्शक होते हैं और उनके आशीर्वाद से परिवार के सदस्यों को सही राह मिलती है। जिस घर में बुजुर्गों का निवास होता है, वहां सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और बुराई घर से कोसों दूर रहती है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा ने कहे।

उन्होंने कहाकि बुजुर्ग परिवार को संस्कारों और पारंपरिक मूल्यों की सीख देते हैं, जिससे परिवार में सामंजस्य और एकता बनी रहती है। परिवार की पहचानः बुजुर्ग परिवार की शान और पहचान होते हैं। उनका अनुभव और ज्ञान घर को सही दिशा देता है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर बाला गुरु के एवं महेश कुमार यादव उप संचालक सामाजिक न्याय के मार्गदर्शन में संकल्प वृद्ध आश्रम सीहोर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा, आश्रम के मार्गदर्शक जितेन्द्र तिवारी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, समाजसेवी ज्योति अग्रवाल, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती सीमा परिहार, नव ज्योति संगठन के अध्यक्ष हिमांशु सोनी, मनोज दीक्षित मामा, जिला पेंशन संगठन संगठन के अनिल शर्मा, सामाजिक न्याय विभाग सीहोर के कृपाल सिंह चौधरी, सावन गांगले, नवल किशोर मालवीय, आकाश राय, दुर्गा दास नागले, संकल्प वृद्ध आश्रम टीम आदि दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में 50 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। जिसमें दो वृद्ध श्रीमती गेंद कुंवर बाई निवासी उल्लास खुर्द एवं श्रीमती सूरज वाजपेई निवासी कस्बा सीहोर जिनकी आयु 100 वर्ष से अधिक होने पर उन्हें विभाग की ओर से 1000 रुपए की राशि शतायु सम्मान के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया गया।



इस मौके पर यहां पर मौजूद वक्ताओं ने कहाकि यदि घर में बुजुर्गों से लड़कर मंदिर जाओगे तो कोई फायदा नहीं है। वहां भी आपका मन नहीं लगेगा। लोग क्रिया तो शुद्ध करते हैं मंदिर में पूजन करते हैं लेकिन भाव अशुभ होते हैं। तो वह पूजन कोई फलदायी नहीं होती। जैसे हम शुभ-अशुभ भाव करते हैं वैसा ही फल हमें मिलता है। तुम मंदिर में किस भावना से जा रहे हो इसका भगवान पर कोई फर्क नहीं पड़ता। तुम्हारे भाव शुद्ध होंगे तो कल्याण तुम्हारा ही होगा। माता-पिता सबसे बड़े सम्मान के हकदार होते हैं।

### पथ संचलन का स्थान-स्थान पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

## बाल स्वयंसेवको का निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

गुरुवार को विजयादशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बाल स्वयंसेवको का पथ संचलन निकला। पथ संचलन प्रातः 10 बजे पांडिया कॉलोनी से प्रारम्भ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ पुनः पांडिया पहुंचा जहां समापन हुआ।

पथ संचलन में एक घोष वाहिनी एक ध्वज वाहिनी एवं शेष दंड वाहिनी शामिल थी। संचलन में छोटे छोटे स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष पर कदमताल करते चल रहे थे। संचलन का नगर में स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। संचलन के पूर्व पांडिया कॉलोनी में प्रातः 8.30 बजे स्वयंसेवको का एकत्रीकरण हुआ। जहाँ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवको का मार्गदर्शन किया गया। जिसके उपरांत शस्त्र पूजन का का कार्यक्रम हुआ।





### जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड तक बच्चों ने लगाई दौड़, एसपी ने भी लिया हिस्सा

**सीहोर**। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित मैं हूँ अभिमन्यू अभियान के तहत जिला चिकित्सालय से चर्च ग्राउंड स्टेडियम तक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ में बड़ी संख्या में बच्चे उत्साहपूर्वक भाग लिए। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों से संवाद कर उन्हें समाज सुधार में सक्रिय होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य समाज में व्याप्त नशा, लैंगिक भेदभाव, दहेज प्रथा, अश्लीलता, असंवेदनशीलता और अशिक्षा जैसी बुराइयों के खिलाफ युवाओं को जागरूक करना है। अभियान का महत्व : इस अभियान का नाम महाभारत के वीर अभिमन्यू से लिया गया है। जैसे अभिमन्यू ने कौरवों द्वारा रचे गए चक्रव्यूह को भेदकर साहस दिखाया, उसी प्रकार इस अभियान में अभिमन्यू बनने से तात्पर्य है समाज की बुराइयों का डटकर सामना करना और सुरक्षित, सशक्त एवं विकसित समाज की स्थापना करना। अधिकारियों और स्टाफ की उपस्थिति : दौड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा पूजा शर्मा, महिला थाना प्रभारी माया सिंह, कोतवाली थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव, रक्षित निरीक्षक उपेंद्र सिंह यादव, उपनिरीक्षक किरण सिंह एवं संबंधित थानों का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### नवरात्रि में जन्मी बच्चियों का पूजन कर माताओं को भी किया सम्मानित



**देवास।** माँ शारदीय नवरात्रि महापर्व के प्रथम दिवस से नवमी अंतिम दिवस तक शासकीय जिला अस्पताल में जन्मी नवजात बच्चियो का श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय के जच्चा-बच्चा वार्ड पहुंचकर बच्चियों का पूजन-अर्चन, वस्त्र भेंट करते हुए माताओ को मिठाई खिलाकर सम्मान किया व बेटी जन्म पर बधाई दी। सचिव घनश्याम मोदी एवं अध्यक्ष रूक्मणि परमार ने बताया कि मप्र शासन के राज्य आनंद संस्थान और आनंद विभाग के सहयोग से सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालानी बाग ब्रम्हा कुमारी आश्रम प्रमुख बीके प्रेमलता दीदी, बीके अपूर्वा दीदी, बीके निर्मला बैन, बीके ज्योति दीदी, बीके बंशीलाल राठौड, अनुराधा नीमा, चंद्रकांत नीमा के सानिध्य व जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्टाफ के सहयोग से जिला चिकित्सालय देवास परिसर में नवरात्रि पर्व के दौरान जन्मी बच्चियों को वस्त्र भेंटकर चुनरी ओढ़ाई एवं माताओं को मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान रूक्मणि परमार ने कहा कि बेटियां माता रानी का स्वरूप होती है। इन बेटियों में से न जाने कौन सी बेटी किस देवी के रूप में दर्शन दे दे। नवरात्रि के दिनो में ही नही बच्चियों का सम्मान होना चाहिए, बल्कि वर्ष भर उनका सम्मान होना चाहिए। इस अवसर पर नर्सिंग स्टॉफ से ज्योति मिश्रा, डॉ. रूक्मणि आदि का विशेष सहयोग रहा।

### संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित पथ संचलन में हजारों स्वयंसेवक हुए सम्मिलित

# हिंदू समाज के संगठन में भारत के साथ पूरे विश्व का कल्याण निहितः कुलकर्णी



### ध्वज और घोष वाहिनियों सहित 100 से अधिक इकाइयों ने चार किलोमीटर लंबे संचलन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हिंदू समाज के संगठन में भारत ही नही अपितु पूरे विश्व का कल्याण निहित है,क्योंकि हिंदू ही कहता है ₹वसुधेव कुटुंबकम₹ एवं ₹सर्वे भवंतु सुखिन₹, यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के क्षेत्र प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी ने देवास नगर के विजयादशमी उत्सव के मुख्य वक्ता के रूप कहीं। कुलकर्णी ने स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए कहा की संघ कोई नया काम नहीं कर रहा है। संघ हजारों वर्ष पूर्व की परंपरा को आगे बढ़ा रहा है, जिस प्रकार पूर्व में विश्व को भारत से ज्ञान एवं संस्कृति प्राप्त कर था उसी परंपरा को संघ आगे बढ़ा रहा है। संघ का समाज से एक आव्हान है, अब संघ को देखो मत, संघ के साथ जुडो संघ के साथ चलो, और संघ के विचारों के साथ में अपने-अपने स्थान पर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करो। कुलकर्णी ने कहा कि संघ कुछ नहीं करेगा संघ सिर्फ संवेदना से युक्त धर्म पर चलने वाले स्वयंसेवक का शाखा के माध्यम से निर्माण करेगा, वह स्वयंसेवक अपने क्षेत्र में कार्य करते हुए, सभी को साथ लेकर समाज के कष्टों को दूर करेगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों श्री



विजयादशमी उत्सव पर प्रतिवर्ष निकाला जाने वाला पारंपरिक पथ संचलन इस वर्ष 2 अक्टूबर गुरुवार को दशहरा मैदान पुलिस लाइन से निकाला जाएगा। इस विजयदशमी उत्सव की अध्यक्षता प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गिरीश मालवीय ने की। उनके साथ मुख्य वक्ता स्वप्निल कुलकर्णी, देवास विभाग के संघचालक अजय गुप्ता, देवज्ञ नगर के संघचालक राजेश अग्रवाल रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम शस्त्र पूजन एवं भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। देवास नगर के इस पथसंचलन का स्वरूप इस वर्ष विराट रहा, विगत कुछ वर्षों से देवास नगर में संचलन बस्तीशः निकाले जाते रहे है, इस वर्ष पूरे देवास नगर का एक ही संचलन निकाला गया जिसमें सभी 32 बस्तियों के हजारों स्वयंसेवक सम्मलित हुए। ध्वज और घोष वाहिनियों सहित 100 से अधिक इकाइयों ने चार किलोमीटर लंबे संचलन में भाग लिया। वाहिनियों में हजारों स्वयंसेवकों का यह संचलन कई किलोमीटर लंबा रहा जो नगर के प्रमुख मार्गों को तय करेगा।




#### पूरे संचलन मार्ग पर हुआ स्वागत

संचलन पुलिस लाइन दशहरा मैदान से प्रारंभ होकर राधागंज भोपाल चौराहा, नाहर दरवाजा, नयापूरा, जनता बैंक, सुभाष चौक, नावेल्टी चौराहा, तहसील चौराहा, नगर निगम कार्यालय, लाल गेट से स्टेशन रोड की ओर मुड़कर गजरा गियर चौराहा, गायत्री मंदिर से पुनः पुलिस लाइन दशहरा मैदान पहुचा। पूरे मार्ग में 200 से अधिक समाजिक, धर्मिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने इस भव्य संचलन का स्वागत किया। शताब्दी वर्ष पर निकलने वाला यह संचलन पंच परिवर्तन के विषयों सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं स्व के भाव के जागरण पर केंद्रित रहा। इस हेतु कार्यक्रम स्थल पर गो उत्पाद, स्वदेशी उत्पाद एवं राष्ट्रिय साहित्य के अस्थाई विक्रय केंद्र भी लगाएं जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सेवा कार्य, पंच परिवर्तन सहित अन्य विषयों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपिता गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने अपने जीवन की सादगी और मितव्ययता से पूरे विश्व के सामने ऐसा आदर्श प्रस्तुत किया, जो आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणा है। गांधीजी ने देश की गुलामी की दुर्दशा देखकर केवल एक धोती पहनने का संकल्प लिया और स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लगभग 6 वर्ष 10 माह जेल में रहे। अंततः एक कट्टरपंथी की गोली खाकर उन्होंने देश की आज़ादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री जैसे नेता प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए भी सादगी और ईमानदारी के लिए आज तक स्मरण किए जाते हैं। इन विचारों को शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं ग्रामीण अध्यक्ष मनीष चौधरी ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती के अवसर पर शिवाजी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं शास्त्रीजी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेखा वर्मा, राजेंद्र मालवीय, भगवान सिंह चावड़ा ने विचार रखे। कहा कि गांधी और शास्त्री के जीवन से प्रेरणा लेकर आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ देश सेवा में अपनी भूमिका निभाएँगे। कार्यक्रम की शुरुआत रोशन रायकवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना और वैदिक एवं अन्य धर्मो की प्रार्थना से हुई, जिसे सभी कांग्रेसजनों ने मिलकर दोहराया। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता सुधीर शर्मा ने किया तथा आभार जितेंद्र सिंह मोंटू ने व्यक्त किया।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता नजर शेख, गुरुचरण सलूजा, शिवनारायण सिंह हाडा, विक्रम पटेल, नरेंद्र यादव, दीपेश कानूनगो, जाहिद पठान, प्रवीण शर्मा, गोवर्धन देसाई, विकास बारोड, कल्याण सिंह पवार, विश्वजीत सिंह चौहान, पी.सी. हारोड़े, राजेश राठौर, दिलीप सिंह बजेपुर, श्रीकांत चौहान, मीना अली, मदनलाल जेठवा, मुन्ना सरकार, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, शाहजी हाशमी, मुकेश शर्मा, महेश राजपूत, विमल चौधरी, प्रतीक शास्त्री, निलेश वर्मा, इरफान कुरैशी, शाहिद मोदी, गौरव जोशी, अनिल गोस्वामी, महेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह यादव, मलखान सिंह देवड़ा, छोटू गुर्जर, अजय रघुवंशी, अविनाश जेठवा, राकेश पाटीदार, हाफिज घोसी, रईस कामदार, कल्लू भाई, गुल्लू मंधानी, अनिल वर्मा, ओम राठौर, आत्माराम परिहार, यूनुस अली, संजय रेकवाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री वर्मा ने विधायक सोनकर पर साधा निशाना, बोले अंधे को आंख दे कोढ़न को काया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



प्रेस वार्ता में पूर्व मंत्री वर्मा ने सोनकच्छ विधायक सोनकर पर साधा निशाना भौरासा। शक्ति माता मंदिर पर आरती एवं भंडारे में पधारे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने वर्तमान विधायक डॉ. राजेश सोनकर को आडे हाथो लिया। आपको बता दे की पिछले कुछ दिनों से सोनकच्छ क्षेत्र में राजनीतिक पारा गरम है क्योंकि गत दिवस नगर में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर का भौरासा प्रवास हुआ था जिसमें नवरात्रि के दौरान नगर में स्थापित पांडाल और मंदिरों में माता आदिशक्ति के दर्शन का लाभ लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, तत्पश्चात शक्ति माता मंदिर प्रांगण से निकल कर प्रेस वार्ता के दौरान पूछे गए सवालों पर अपना तंज कसते हुए कांग्रेस को आडे हाथो लेते हुए कहा था कि गत दिनों कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भौरासा नगर से होते हुए निकले जहां नगर में लगने वाले पशु हाट में अपना काफिला रुकवा कर किसानों से मुलाकात कर दूध के भाव को लेकर किसानों से चर्चा की और भैंस का दूध भी निकाला और भाजपा के झूठे वादों का गुणगान किया, इस पर बयान देते हुए सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने कहा था कि कांग्रेस अब गौ माता को मुंह दिखाने लायक भी नहीं बची है इसलिए अब भैंस का दूध निकाल रही है क्योंकि उन्होंने वादा किया था कि कांग्रेस सरकार बनने पर हम हर पंचायत में एक-एक गौ शाला बनाएंगे पर गौशाला एक भी नहीं बनी, जिस पर फिर से राजनीति गरमा गई।

बुधवार को शक्ति माता मंदिर पर में आरती में पधारे पूर्व कैबिनेट मंत्री व सोनकच्छ क्षेत्र के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने आरती के पश्चात एक प्रेस वार्ता में विधायक सोनकर को आडे हाथों लेते हुए कहां की सवा साल कमलनाथ की सरकार रही और बीस गौशालाएं बनी। पांच साल सरकार रहती तो सैकड़ो की तादाद में गौशालाएं बन जाती पर जो व्यक्ति इस पर सवाल उठा रहा है उनसे कहता हूं जब हम भगवान की आरती गाते हैं तो उसमें एक लाइन है अंधे को आख दे और कोडन को काया और जिसने भी सवाल उठाया उनका कहना है सोनकच्छ से क्या मतलब मुझे तो चाहिए माया। इस अवसर पर इनके साथ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष मनोज राजानी ,देवास ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजी राम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र इनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर सहित कांग्रेस पार्षद,एव समस्त क्षेत्र के कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# नवमी पर हवन व कन्या पूजन के साथ हुए भंडारे





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नवरात्रि में जहां इस बार 10 दिन तक भक्तों द्वारा मां की भक्ति जारी रही। अंतिम दिन नगर के समस्त माता पंडालों में कन्या पूजन भंडारे का आयोजन किया गया और सभी माता पांडालो मंदिरों में नवमी के दिन हवन पूजन किया गया जिसमे नगर की सुख-समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना की गई। नगर में लाल माता मंदिर, अन्नपूर्णा माता मंदिर,अंबे माता मंदिर, शक्ति माता मंदिर, संत तुलसी मार्ग पर स्थित नौ देवियों के मंदिर, पुरानी कचहरी मे माता मंदिर पर हवन पूजन किया गया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर के वसूली पटेल यशवंत सिंह राजपूत द्वारा खेड़ापति हनुमान मंदिर एवं शक्ति माता मंदिर पर हवन किया गया जिसे नगर परिषद संजय जोशी के द्वारा हवन करवाया गया। नगर में संपन्न हुए भंडारों में काफी भीड़ देखी गई व नौ दिन तक चले इन आयोजनों में कई कार्यक्रम हुए हैं जिसमें नगर में काफी चहल-पहल बनी रही। बुधवार को अंतिम नवरात्र पर भंडारा यज्ञ के साथ नवरात्रि का समापन हुआ। नगर में बैठी नवदुर्गा उत्सव समितियों में नगर परसाई मनोज जोशी के द्वारा हवन पूजन संपन्न कराए गए।

### शिक्षक सेवानिवृत्त सम्मान समारोह हुआ आयोजित

**चापड़ा।** कन्या हाईस्कूल संकुल केन्द्र पर वरिष्ठ शिक्षक सीताराम राठौर व मनोहर लाल मानधन्या की शिक्षक सेवाएं पूर्ण होने पर शिक्षक सेवानिवृत्त सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. अशोक गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने की। स्वागत उद्बोधन संकुल प्राचार्य महेश गोस्वामी ने देते हुए कहा कि हम उस पीड़ी के शिक्षको को विदाई दे रहे है ,जो अभाव ग्रस्त विषम परिस्थितियों में भी 15 किलोमीटर पैदल चलकर शिक्षक कार्य किया है। आपकी संलग्न सेवाएं भविष्य के शिक्षको के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। आपकी उत्कृष्ट सेवाओ के लिए आपका अभिनन्दन कर हम गौरवान्वित है।

# निगम कार्यालय में संपन्न किया सम्मान समारोह




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता ही सेवा 2025 सम्मान समारोह नगर निगम सभा कक्ष में आयोजित किया गया। आयोजन का शुभारंभ माननीय महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार द्वारा महात्मा गांधी जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व माल्यार्पण किया गया।

आयोजन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जाने वाले स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के प्रति योगदान देने वालों व स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले कॉलेज, अस्पताल, शासकीय व अशासकीय स्कुलों सामाजिक संगठनों, खेल विभाग, मलेरिया विभाग, एनजीओ आदि जो विभिन्न गतिविधियों, जैसे सामुदायिक सेवा या जागरूकता अभियानों में अपनी निस्वार्थ सहभागिता से शहरवासियों को जागरूकता संदेश देने का काम किया है। समारोह के दौरान ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने स्वच्छता ही सेवाष अभियान के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महापौर व आयुक्त के द्वारा 21 सफाई मित्र, केपी कॉलेज, 12 शासकीय व अशासकीय स्कुल मे नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1, शासकीय महांकाल कालोनी स्कुल, सरदाना इंटरनेशनल स्कुल, सांईनाथ मेमोरियल स्कुल, इनोवेटिव पब्लिक हायर सेकेन्ड्री स्कुल, हिमालय ऐकेडमी, ट्रिकी कोचिंग क्लास, ग्रीन आर्मी, न्यू ऐरा हायर सेकेन्ड्री स्कुल, एमरोल ऐकेडमी, बिरला स्कुल, सेंटर फर एडवांस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट, निबंध प्रतियोगिता मे सेंट स्टार स्कुल, रांगोली प्रतियोगिता मे कर्मदीप स्कुल, वाद विवाद प्रतियोगिता मे हिमाल्या स्कुल के बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

अन्य संस्थाओं मे इपका लेबोरेटरी, हिन्द फौज ऐकेडमी, जनशिक्षण संस्था की टीम, संस्था श्री सिद्धी विनायक, एचडीएफसी बैंक, जिला मलेरिया विभाग को भी महापौर एवं आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

### विजयादशमी पर पुलिस लाइन देवास में विधि-विधान पूर्वक शस्त्र पूजन कार्यक्रम संपन्न

# प्रदेश कैबिनेट मंत्री सिलावट की मौजूदगी में हुआ शस्त्र पूजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार को विजयादशमी के पावन पर्व पर जिला पुलिस लाइन देवास में पारंपरिक एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन तुलसीराम सिलावट उपस्थित रहे।शस्त्र पूजन की इस परंपरा को पूर्ण श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न किया गया। कार्यक्रम में माननीय कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट,सांसद महेन्द्र सोलंकी, विधायिका गायत्रीराजे पंवार, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, महापौर नगर निगम गीता अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला आटारिया, जिलाधीश ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद, नगर निगम कमिश्नर देवास दलीप कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। शस्त्र पूजन का यह आयोजन परंपरा के साथ-साथ हमें अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण और अनुशासन का संदेश भी देता है। कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन तुलसीराम सिलावट ने विजयादशमी पर्व पर जिलेवासियों को शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सदैव धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, सेवा और समर्पण की सराहना करते हुए जनसेवा के लिए निरंतर तत्पर रहने का आह्वान किया।इस अवसर पर संपूर्ण पुलिस परिवार की ओर से जिलेवासियों को विजयादशमी की मंगलकामनाएँ दी गईं।

खबर संक्षेप

### मारपीट के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी, सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम रखवारा में रहने वाले चिन्तामन पुत्र देवीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र रूपेश अपने खेत से कटाई कराकर घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के रचपाल सिंह पुत्र कमल यादव व प्रशान्त पुत्र सुखपाल यादव ने अपने एक अज्ञात साथी के ट्रैक्टर से गांव की ओर आते समय उसके पुत्र को देखे बिना कुछ कहे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं और धमकाया। मारपीट करने लगे, विरोध करने पर प्रशान्त ने उसके पुत्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसका पुत्र लहुलुहान हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द) व 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कट्टा दिखाकर अपने साथ ले गये बदमाश, फिर की मारपीट

**ललितपुर।** थाना नाराहट के ग्राम डोंगराकलां निवासी धीरज पुत्र जाहर ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को रात करीब 8 बजे वह दुकान से घर आ रहा था। तभी गांव के महेश पुत्र नाथूराम अहिरवार, शेरसिंह व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उसे कट्टा दिखाकर रास्ते में रोक लिया। जब उसे बचाने अजय व रागबिन्द्र आये तो उन्हें भी कट्टा दिखाकर धमकाते हुये उसे साथ ले जाकर मारपीट की। जब गांव के अन्य लोग मौके पर आये तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### वाहन की टक्कर से वृद्ध घायल, ग्वालियर रेफर

**ललितपुर।** थाना पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम पटउवा निवासी दशरथ पुत्र पर्वत ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 14 सितम्बर को उसके पिता पर्वत पुत्र हिम्मत पटउवा से बिरधा अपने निजी कार्य से गाड़ी संख्या यू.पी. 94 व्ही 6478 से आ रहे थे। बताया कि शाम करीब 6.15 बजे नेशनल हाई-वे 44 स्थिति गिरराज पेट्रोल पम्प के पास अपनी बाइक से धीमी गति से आते समय पीछे से गाड़ी संख्या यू.पी. 94 ए.बी.1248 के ड्राईवर ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पिता की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह नीचे गिर गये और उसके पिता के हाथों में चोट लग गयी। इसी बीच वहां से गुजर रहे बजरंग दल के कुछ लड़कों ने उनके पिता को सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी और फिर ग्वालियर रेफर कर दिया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त वाहन चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281,

## गाजे बाजे के साथ देर शाम तक चला मां के स्वरूप की विदाई का सिलसिला

# अश्रुपूर्ण आँखों से माँ को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर





नवरात्रि पर्व के समापन पर पिछले नौ दिनों से पूजित मां भवानी की प्रतिमाओं को गाजे बाजे के साथ ले जाने का सिलसिला देर रात्रि तक लगा रहा। उत्साहित भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए नगर परिक्रमा की। नगर में झांकी स्थलों से प्रतिमाओं को गोविंद सागर बांध की तलहटी में विसर्जन तालाब तक पहुंचाया गया। उत्साही युवाओं ने रंग गुलाल उड़ा कर श्रद्धा का प्रदर्शन किया। भ्रमण के पश्चात विधि विधानपूर्वक इन स्वरूपों को विसर्जित कर दिया गया।

पिछले 9 दिनों से समूचा जिला दुर्गामय बना हुआ था। सुबह व सायंकालीन होने वाली आरती में सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित होकर आदिशक्ति की श्रद्धा में लीन बने रहते थे। आज अधिकांश कार्यक्रमों का विधिविधान पूर्वक समापन हो गया है। जहां सिद्ध पीठों पर पिछले 9 दिनों से श्रीमद् भागवत कथा, श्रीराम कथा, दुर्गा सप्तशती पाठ आदि के कार्यक्रम चल रहे थे, वहीं झांकी स्थलों पर प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे। आज यज्ञ क्रियाओं के साथ मां भवानी के स्वरूप के समक्ष आहुतियां दी गईं। अपरांह समय में इन दरबारों से प्रतिमाओं को वाहनों में सजा कर नगर परिक्रमा के लिए ले जाया गया। मां के स्वरूपों को आस्थावान युवक सम्भाले हुए थे वहीं नृत्य करतीं टोलियां परम्परागत गीतों पर झूमती हुई चल रहीं थीं। पिछले नौ दिनों तक जो श्रद्धालु लगातार क्रियाओं में भागीदारी जता रहे थे वह अंतिम दिन भी बड़े उत्साह के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए पवित्र सरोवरों में ले गए। अगले वरस फिर आना के साथ देवी प्रतिमाओं को विदाई दी गई। नगर में ग्रामीण क्षेत्रों से अलग आज नजारा बिखरा हुआ था। गोविंद सागर बांध की तलहटी में आदीशक्ति की प्रतिमाओं की सामूहिक महाआरती उतारी गई। पूजन विधान की क्रियाओं के पश्चात स्वरूपों को अश्रुपूरित नेत्रों से विसर्जित कर दिया गया। जिले में शारदीय नवरात्रि के दौरान होने वाले कार्यक्रम पहचान बने हुए हैं। इन कार्यक्रमों में धर्म, जाति जैसे संकुचित नामों के लिए कोई जगह नहीं होती। दूसरे धर्मों के अनुयाई भी बढ़-चढ़ कर आयोजनों में भागीदारी निभाते हैं। 9 दिनों तक चलने वाले आयोजनों में उन्होंने प्रमुख रूप से योगदान दिया। झांकी स्थलों से भले ही मां के स्वरूपों की विदाई हो गयी हो लेकिन जिले का सौहार्द सदैव याद रखा जाएगा।

### बांध पर तैनात रहे अधिकारी व पुलिस फोर्स

जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के संयुक्त आदेश पर गोविन्द सागर बांध पर बनाये गये विसर्जन तालाब के आसपास भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर आलाधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, एसडीएम सदर मनीष कुमार, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा व सीओ सिटी अजय कुमार लगातार भ्रमणशील रहे। वहीं यातायात सुगम बनाये रखने के लिए यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी व उनकी टीम का अहम योगदान रहा।

## भव्य और दिव्य मां जगदम्बा के दरबार में गरबा-डाण्डिया खेलकर मनाया उत्सव

### मां शारदा बिहार कालोनी में हुआ भव्य आयोजन



ललितपुर। मां भगवती के नौ दिनों तक सजे भव्य और दिव्य पाण्डालों में धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम पूरे जिले में देखी गयी। यहां पुरुषों ने जहां एक ओर धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भजन-कीर्तन और सुन्दर काण्ड जैसे पाठ का दिव्य आयोजन किया तो वहीं बालिकाओं-महिलाओं ने भारतीय संस्कृति के प्रतीक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया। इसी क्रम में शहर में जगह-जगह सजे मां भवानी के पाण्डालों में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हुये। मां शारदा बिहार कालोनी में सजायी गयी मां जगदम्बा के दरबार में भव्य गरबा व डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कालोनी की सभी माताओं- बहनों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभायी। मां जगदम्बा के दरबार के समक्ष गरबा व डांडिया खेलकर उत्सव को मनाया। बताया गया कि गरबा जीवन के चक्र का प्रतीक है। गरबा व डांडिया शक्ति पूजन के अनुष्ठान हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विभा ताम्रकार ने की, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में कालोनी में निवासरत माताओं-बहनों का भरपूर योगदान रहा। इस दौरान अंतिम जैन, पूनम राठौर, रजनी बुन्देला, ऊषा शर्मा, अहिल्या शर्मा, ज्योति ताम्रकार, अलका अग्रवाल, सरोज जैन, पूर्णिमा जैन, आकृति, मनीषा, मेघा, रूचि, शशि जायसवाल के अलावा अनेकों महिलाएं शामिल रहीं।

## दुर्गा पाण्डाल में हवन-पूजन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

### दोनों पक्षों में जमकर हुयी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

नेहरू नगर के रामराजा रेजीडेंसी में रखी मां भगवती के पाण्डाल में दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गयी। अब नेहरू नगर चौकी पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से रेजीडेंसी में रहने वाली प्रभा समेले पत्नी कैलाश समेले ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा नवदुर्गा पूजन के लिए झांसी से पं.सुरेश कुमार को बुलाया था। जब पण्डितजी पूजन-हवन कार्य करा रहे थे, तब शशांक दुबे पुत्र प्रमोद दुबे एवं उनकी बहन पूजा दुबे पाण्डाल में आकर गालियां देने लगे और झांसी से आये पण्डितजी को मारने एवं भगाने की बात कहने लगे। मना करने पर उक्त लोगों ने उनके साथ मारपीट करते हुये डण्डा मार दिया, जिसे उनके बायं हाथ में चोट लग गयी। मौके पर सोमेश समेले, कैलाश समेले, प्रभात चतुर्वेदी पुत्र आनंद स्वरूप, शिवम जैन पुत्र राकेश जैन, विनय रजक पुत्र वृन्दावन व हरिश्चंद्र पुत्र ग्याप्रसाद ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पूजा पत्नी प्रेमनारायण पुत्री प्रमोद दुबे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने पिता व भाई शशांक दुबे मां दुर्गा की मूर्ति जो कि रामराजा रेजीडेंसी पर स्थित है पर पण्डित थे। बताया कि मां दुर्गा की पूजा व देखभाल प्रथम दिवस से ही कर रहे थे। बताया कि 1 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे वह अपने परिजनों के साथ मां दुर्गा के पूजन में पहुंचे तो वहां मौजूद प्रभात चौबे, कैलाश समेले, प्रभा समेले, सोमेश समेले ने पं.सुरेश पस्तोर को बुला लिया। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये उसे व उसके भाई को घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पास वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### विसर्जन के दौरान एक के डूबने की आशंका

**ललितपुर ।** मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्राम अडेला के तालाब में एक व्यक्ति की डूबने की आशंका जताई जा रही है। बिरधा चौकी के अंतर्गत ग्राम अडेला में मूर्ति विसर्जन करते समय नेतराम पुत्र दयाराम उम्र 45 वर्ष पानी में डूबने से हादसा हुआ आनंद फाइनेंस में पुलिस के गोताखोरों ने नेतराम कीय्तलाश की जा रही है।

### डा.आकाश खैरा ने पेश की सर्जरी की

## मासूम किशोरी को पैरों की सर्जरी कर विकलांग होने से बचाया



**ललितपुर।** सड़क दुर्घटना में बाल बाल बची बुरी तरह घायल किशोरी को मौत के मुंह से बाहर निकालने का श्रेय डा.आकाश खैरा और उनकी टीम को जाता है। उन्होंने झांसी व गवालियर से हार कर लौटी 14 वर्षीय छात्रा सफल ऑपरेशन कर उसे नया जीवन जीने का अवसर दिया है। हाल ही में 24 सितंबर को हाईवे पर मन्नू पम्प के पास एक सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गयी थी और उसकी 14 वर्षीया नातिन राजनंदिनी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। मेडिकल कॉलेज ललितपुर में हालत गंभीर होने पर किशोरी को झांसी मेडिकल कॉलेज को रिफर किया गया था। जहां इलाज न मिल पाने से उसे गवालियर ले जाया गया था। जहां 5 दिन भर्ती रहने के बाद भी हालत में सुधार न होने पर परिजन अनिष्ट की आशंका से ग्रसित थे। वहां किसी ने उन्हें ललितपुर में अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.आकाश खैरा को दिखाने की सलाह दी। इस पर परिजनों ने ललितपुर लाकर बालिका को डा.खैरा को दिखाया। किशोरी का बहुत खून बह चुका था उसे खून की कमी थी। उसके दायें पैर में जंघा की हड्डी टूटी थी, बायें पैर की पिंडली की हड्डी भी टूटी थी। श्रोणि मेखला के कई टुकड़े हो चुके थे। दुर्घटना से शरीर में बहुत नुकसान हो गया था। डा.आकाश खैरा ने परीक्षण उपरान्त इसके कठिन ऑपरेशन करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने ऋषिराज अस्पताल में किशोरी राजनंदिनी का फीमर, पैल्विस और टीबिया हड्डी का सफल इलाज व ऑपरेशन कर हड्डियों को दुरुस्त कर दिया। एक ही शिफ्ट में बालिका की हालत में सुधार हो गया। उपचार पा रही किशोरी राजनंदिनी की मां ग्राम उदया निवासी कमलेश ने बताया कि डा.आकाश खैरा उसे भगवान के रूप में मिले हैं, जिन्होंने उनकी बेटी की जान सुरक्षित की है। अब उनकी बेटी खुश है और पूरा परिवार अवसाद से मुक्त हो गया है। उनके परिवार में खुशियां लौट आयी हैं। इस ऑपरेशन में सहायक पवन प्रजापति, ओमकरन सिंह, सिस्टर वर्षा यादव, जाहर सिंह, रोहित राजपूत, जयदेव और विशाल कुशवाहा का सहयोग रहा।

### इनका कहना है

इस बालिका को मेजर मल्टी सिस्टम ट्रॉमा यानी प्रमुख बहुप्रणाली आघात हुआ था। एक साथ इसकी सारी हड्डियों का सफल इलाज कर दिया गया है। अब मरीज खतरे से बाहर है। जल्द ही वह सामान्य जिंदगी जीने लगेगा।

**डा.आकाश खैरा,** वरिष्ठ अस्थिरोग विशेषज्ञ।



## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि तथा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी.एम.हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## दशहरा रावण दहनपर रही धूमधाम जोरदार हुई अतिशबाजी, जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान



*ललितपुर। श्री रामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के द्वारा दशहरा पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शाम को शोभायात्रा श्रीरघुनाथजी बड़ा मंदिर से प्रारंभ हुई जो कि गाजे बाजो के साथ अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई नदीपार, गोविंद नगर, रावतयाना, रामलीला मैदान में पहुंची यात्रा में सबसे आगे सीताजी का रथ, पीछे रावण का रथ, इसके बाद कुंभकरण, मेघनाथ का रथ, इसके बाद रावण दल उनके पीछे रघुनाथजी मंदिर के विग्रह, राम लक्ष्मण का रथ, राक्षस का दल, उनके पीछे वानर सेना, अपने करतब दिखाते हुए चल रही थी। रामलीला मैदान पर पहुंचने पर रणचंडी पूजन एवं शमी पूजन कार्यक्रम किए गए। इसके साथ ही लीला प्रारंभ हुई मंच पर राम रावण युद्ध का सजीव अभिनय पात्रों के द्वारा किया गया। इस बार समिति द्वारा पात्रों की संख्या बढाई गई। रामादल व रावण दल के सैनिकों की संख्या बड़ा कर उनको युद्ध के लिए प्रेरित किया। ताकि मंच पर युद्ध का सजीव चित्रण प्रसतुत किया जा सके। इसके लिए नई पोशाकें और अस्त्र, शस्त्र डंका धनुष आदि मंगवाए गए। पात्रों की संख्या अधिक होने से इस बार इस बार शोभायात्रा का रूप भी बड़ा हुआ। इसी क्रम में शाम 5 बजे से रामलीला मैदान पर राघव लोककला सोसायटी द्वारा श्रीशिवलीला, श्रीकृष्ण लीला व श्रीराम लीला, नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस बार बुन्देलखण्ड के आतिशबाज द्वारा शानदार आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया। जयश्री राम के नारों से के उद्घोष से पूरा मैदान गुंजायमान हो गया। इस अवसर पर अधिकारियों व पुलिस के साथ सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली मैदान पर 5 बजे से वृंदावन के कलाकारों द्वारा राधा कृष्ण नृत्य शिव काली नृत्य आदि के मनमोहक प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित श्यामांकांत चौबे, उपाध्यक्ष पं.राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, संयोजक जगदीश पाठक, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिव कुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि के अलावा अनेकों लोग उपस्थित थे।*

## जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां दी, फिर धमकाया

### सिर पर कुल्हाड़ी से किया हमला, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना मड़ावरा अंतर्गत ग्राम रखवारा में रहने वाले चिन्तामन पुत्र देवीलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 सितम्बर को शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र रूपेश अपने खेत से कटाई कराकर घर की ओर लौट रहा था। तभी रास्ते में गांव के रचपाल सिंह पुत्र कमल यादव व प्रशान्त पुत्र सुखपाल यादव ने अपने एक अज्ञात साथी के ट्रैक्टर से गांव की ओर आते समय उसके पुत्र को देखे बिना कुछ कहे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां दीं और धमकाया। मारपीट करने लगे, विरोध करने पर प्रशान्त ने उसके पुत्र के सिर पर पीछे से कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसका पुत्र लहुलुहान हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 352, 351 (2), 351 (3) एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द) व 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## एसपी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री को किया नमन



ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइन में राष्ट्रीय पर्व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दोनों महापुरूषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की शुरुआत गांधीजी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। तत्पश्चात प्रतिभाग करने वाले सभी पुलिस कर्मियों को उक्त कार्यक्रम के दृष्टिगण संकल्प की शपथ दिलाई गयी। पुलिस अधीक्षक ने महात्मा गांधीजी के सिद्धांत सत्य और अहिंसा तथा पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्रीजी के सिद्धांत जय-जवान, जय-किसान तथा देश की प्रगति, एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने के लिए इनके द्वारा किये गये अद्वितीय कार्यों, संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तथा स्वयं में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया गया। मौजूद पुलिस बल, रिक्रूट आरक्षियों, आगन्तुकों को मिष्ठान वितरित कर शुभकामनाएं दी गई।

### महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर

# जनपद में सादगी के साथ हुआ महात्मा गांधी जी एवं लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

02 अक्टूबर जनपद में पूरी सादगी के साथ महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती समारोह का आयोजन प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव की अयध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रातः से ही महापुरुषों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया, स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरियां निकाली गईं और गांधी जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर गोष्ठियां आयोजित की गईं।

कार्यक्रम की श्रृंखला प्रातः प्रभारी जिलाधिकारी ने घंटाघर स्थित महात्मा गांधी, चंदशेखर आजाद, सरदार बल्लभ भाई पटेलबाई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही स्कूली बच्चों की रैली को रवाना किया। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभारी जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान गया, कलेक्ट्रेट सभागार मे महात्मा गांधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन वृतांत के बारे में विस्तृत चर्चा की, जिसमें विशेष रुप से निर्वलों एवं कमजोरों के कल्याण सम्बंधी अन्त्योदय की उनकी अवधारणा, एकता, राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के सम्बंध में उनके विचारों का परिचय दिया गया। इस मौके पर जीजीआईसी की छात्राओं ने रामधुन ₹रघुपति राघव राजा राम₹ एवं ₹जैसो भारत देश महान₹ गीतों पर गायन और वादन की प्रस्तुति दी, जिस पर प्रभारी जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं को पुरस्कार भेंट किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि पहले की परिस्थितियां आज के जैसी नहीं थीं, उस समय आज के मुकाबले नाम मात्र के संसाधन थे, ऐसे समय में संपूर्ण भारत को एकजुट कर पाना अद्भुत इच्छाशक्ति का प्रमाण है, महात्मा गांधी जी ने इसे अपनी इच्छाशक्ति से संभव किया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि आज हम जिस पद पर हैं वहां से जनता के लिए अनेकों काम करते हैं, आम व्यक्ति हमारे पास आता है तो उसे न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। आज हम सभी संकल्प लें कि अपने पदीय





दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे और हमारे पास आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या का समाधान करेंगे। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती है, इन दोनों महापुरुषों का भारत की आजादी और विकास में महान योगदान रहा है, भारत की आजादी के लिए कई आंदोलन महात्मा गांधी जी के नेतृत्व में चलाए गए और सफल रहे। उन्होंने अपने आंदोलनों के माध्यम से भारत के सभी वर्गों को एक झंडे के तले इकट्ठा किया, जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेज भारतीयों की एकता से डरे और भारत छोड़ कर चले गए। गांधी जी के अंत्योदय की भावना से प्रेरित अनेकों योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, ताकि अंतिम पायदान के व्यक्ति तक इनका लाभ मिल सके। उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि गांधी जी को जानना बहुत आसान है, उनके बारे में पढ़कर आसानी से उनके जीवन संघर्षों को हम जान सकते हैं। गांधी जी का कहना था कि किसी व्यक्ति में सुधार करना हो तो उसे भावनात्मक रूप से अधिक नजदीकी नहीं रखनी चाहिए, उसके साथ अनुशासनात्मक संबंध रखने चाहिए। उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आज गांधी जयंती का पर्व हम सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है। हमारे जो भी दायित्व हैं उन्हें पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करें, हमारी कथनी और करनी में भेद नहीं होना चाहिए। आज के दिन हम ये आंकलन करें कि हम कितना उनके आदर्शों पर चल सकते हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने कहा कि गांधी जी जब सत्य की खोज के साथ जुड़े तो वे बैरिस्टर से महात्मा बन गए। इसी प्रकार लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन भी सादगी भरा रहा। उन्होंने इस अवसर पर गीत के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। ओएसडी कलेक्ट्रेट अनिल दीक्षित ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि गांधी जी का स्पष्ट संदेश था कि सत्य ही ईश्वर है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की ख्याति न केवल भारत अपितु विदेशों में भी है। लोग उनके विचारों का विदेशों में भी

## नियमों की पेचीदगी में उलझा था मामला, कोर्ट के आदेश पर जारी हुए नियुक्ति पत्र


# 54, 58, 60 जैसी उम्र में पहुंचने पर 10 पात्रजन अंततः बने संविदा शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कभी-कभी शासकीय नियमों की विभिन्न पेंचीगियों के चलते परीक्षा एवं निर्धारित अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त भी पात्र व्यक्तियों को नौकरी नहीं मिल पाती है। परन्तु, न्यायालय एक ऐसा स्थल है जहां से अंततः निर्धारित पात्रताधारी सभी व्यक्तियों को न्याय मिल ही जाता है।

एक ऐसे ही मामले में राजगढ़ शिक्षा विभाग द्वारा करीब 30 वर्षों पूर्व अनुदेशक, पर्यवेक्षकों के अस्थाई पद रखे गए 10 व्यक्तियों को कोर्ट केस जीतने के बाद विभाग द्वारा कल 01 अक्टूबर को संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। सरकारी नौकरी पाने वाले इन 10 व्यक्तियों में कुछ की उम्र 52 तो किसी की 54 यहां तक की एक व्यक्ति की उम्र तो 60 वर्ष से भी अधिक हो चुकी है यानि वे सिर्फ डेढ़ साल की नौकरी करने के बाद रिटायर्ड हो जाएंगे। दूसरे शब्दों में कहें तो बुढ़ापे की दहलीज या बुढ़ापे में पहुंचे चुके व्यक्तियों को अब जाकर शिक्षक पद की सरकारी नौकरी मिल पाई है।

### एक शिक्षक तो डेढ़ साल बाद ही हो जाएंगे सेवानिवृत्त



### कोर्ट में लगाई याचिका से मिला न्याय

विभागीय नियमों की पेंचदगियों के कारण नौकरी न मिल पर इन सभी व्यक्तियों ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने भर्ती सेवा शर्त 2005 एवं संशोधित नियम 2008 के तहत याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय जारी करते हुए उन्हें नियुक्ति प्रदान करने का आदेश शिक्षा विभाग को जारी किया। उक्त आदेश उपरान्त अब इन 10 व्यक्तियों को संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 के पद हेतु अलग-अलग पदस्थापना स्थल पर ज्वानिंग हेतु नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं।

### इन 10 व्यक्तियों को जारी हुए नियुक्ति पत्र

विभाग द्वारा जिन दस व्यक्तियों/औप. अनुदेशक, पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं उनमें नानूराम नागर निवासी रतनपुरिया खिलचीपुर, जगदीश प्रसाद सोनी निवासी खिलचीपुर, रामचरण चैहान निवासी बावड़ीखेड़ा, जसवंत चैहान निवासी लिंबोदा खिलचीपुर, बालूसिंह सेन निवासी ब्यावराकला खिलचीपुर, कुमेरसिंह निवासी नगपुरिया खिलचीपुर, बनेसिंह तोमर निवासी ग्राम खैरासी राजगढ़, आनंद कर्पे निवासी इंदिरा कॉलोनी राजगढ़, कन्हैयालाल दांगी पिता बापूलाल निवासी पीपल्याकलां खिलचीपुर एवं गोविंद वर्मा निवासी पंचशील कॉलोनी ब्यावरा शामिल हैं।

### क्या है पूरा मामला?

साल 1995 एवं उसके पहले के वर्षों में शिक्षा विभाग ने जिले के अनेकों स्थानों पर औप. अनुदेशक, पर्यवेक्षकों के पद पर कुछ अंशकालीन नियुक्तियां की थी। चूंकि, नियुक्तियां अंशकालीन थी ऐसे में बाद में योजना बंद होने पर सभी को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। वर्ष 2008 में जब व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा संविदा शाला शिक्षक वर्ग-3 की परीक्षा आयोजित की गई उसमें हटाए गए इन अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों ने भी भाग लेते हुए परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। मप्र संविदा शाला शिक्षक श्रैणी-3 की भर्ती सेवा शर्त 2005 के तहत नियम कुछ ऐसा बनाया गया कि सिर्फ वर्ष 2000 में कार्यरत अनुदेशकों, पर्यवेक्षकों को ही परीक्षा उत्तीर्ण करने पर नौकरी के लिए पात्र माना गया। जबकि, अनेकों ऐसे अनुदेशक, पर्यवेक्षक थे जिन्होंने साल 2000 से पूर्व के कईं सालों तक विभाग में अंशकालीन पद सेवाएं दी थीं, परन्तु उन्हें नौकरी पर नहीं रखा गया।

## बुरी तरह झुलसी गाय का गोसेवकों ने करवाया इलाज

# निरीह गोवंश पर अज्ञात व्यक्ति ने डाल दिया खोलता हुआ तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ नगर में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गाय माता पर गर्म-गर्म खोलता हुआ तेल डाले जाने की घटना सामने आई है। स्थानीय नाका नंबर-3 पर बुरी तरह झुलसी इस गाय पर जब गौसेवकों की नजर पड़ी तो उन्होंने सबसे पहले उसका ईलाज करवाते हुए पशु चिकित्सालय पहुंचाया एवं बाद में बमबम आश्रम के समीप स्थित गौशाला में रखने की व्यवस्था करवाई। निरीह गाय माता पर गर्म तेल डाले जाने की इस घटना की सर्वत्र निंदा की जा रही है। आमजनों सहित नगर गौसेवा समिति के सदस्यों ने कोतवाली पुलिस से भी संपर्क करते हुए आसपास के सीसीटीवी खंगालते हुए दोषी व्यक्ति की पहचान कर संबंधित पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है ताकि आगे से कोई इस तरह का कृत्य करने के पूर्व 10 बार सोचे। उल्लेखनीय है कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब गाय माता के साथ किसी ने ऐसी अमानवीयता की हो। पूर्व में भी नगर में गाय माता पर गर्म पानी, तेल आदि डाले जाने के मामले सामने आ चुके हैं।

## रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बने डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी, डॉ लखन धाकड़ को स्वास्थ्य समिति का प्रभार सौंपा

**गुना।** रेडक्रास सोसाइटी गुना की प्रबंध समिति के चुनाव बुधवार को संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी एवं 10 सदस्यों की इस चुनाव में जीत हुई। इस जीत के बाद समिति के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से रेडक्रास सोसाइटी के प्रबंध समिति के सचिव का दायित्व डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी को प्रदान किया गया। इस अवसर पर नवीन सचिव का दायित्व लेने के पश्चात डॉ रघुवंशी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में जरूरत मंदों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। एवं सेवा भारती जैसे सेवा भावी संगठनों के सहयोग से जिला चिकित्सालय गुना में रोगी सहायता केंद्र की स्थापना की जाएगी। रेडक्रास चुनाव में जीते पैनल के नाम मिला नया दायित्व*डॉ रामवीर सिंह रघुवंशी सचिव,नर्मदा शंकर भार्गव प्रदेश प्रतिनिधि, डॉ एल के शर्मा सभापति, डॉ भूपेंद्र धाकरे उप सभापति, प्रदीप जैन कोषाध्यक्ष, चंद्रेश जैन आई आर मेंबर, संजय राठी आपदा प्रबंधन प्रभारी, संगीता भाटी रोगी सहयोगी समिति, डॉ लखन धाकड़ को स्वास्थ समिति प्रभारी एवं आशीष मंगल को वित्त समिति का दायित्व प्रदान किया गया।

## बुजुर्ग महिला सरदार बाई की अज्ञात व्यक्ति ने की हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर के लोधा मोहल्ले में मंगलवार रात्रि को अज्ञात कारणों के चलते एक बीमार और बोलने चलने फिरने असमर्थ बुजुर्ग महिला सरदार बाई की अज्ञात व्यक्ति द्वारा जघन्य हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी अनुसार लोधा मोहल्ला निवासी भंवरलाल लोधा की धर्म पत्नी सरदार बाई जो कि लंबे समय से बीमार होकर एक स्थान पर पड़ी रहती थी जिनकी मंगलवार रात्रि को करीब 9.30 से 11.30 के दरमियान अज्ञात हत्यारे ने फावड़े सिर पर मार मार कर बेरहमी से हत्या कर दी । उक्त घटनाएं की जानकारी पुलिस को मिलने पर रात्रि में एसडीओपी, एडिशनल एसपी, टी आई पूजा परिहार सहित पुलिस बल घटना स्थल पहुंच गये साथ ही एफएसएल टीम डॉग स्क्वॉड देर रात्रि तक पहुंच गई थी मिली जानकारी के अनुसार मृतका की बेटी जमना बाई रात्रि करीब 9.30 बजे घर से अपनी मां को घर अकेली छोड़कर समीप ही चल रहे नवरात्रा उत्सव में गई हुई थी इस बीच मृतका के पति भंवरलाल 9.45 बजे बस स्टेंड से घर आए। उन्होंने घर के फाटक खट खटाए लेकिन जब अंदर से फाटक नहीं खुले तो वह बाहर बैठ इंतजार करते रहे, करीब 11.30 बजे बेटी नवरात्रा उत्सव से घर आई दोनों यानी बाप बेटी ने पुनः घर के फाटक खट खटाने और खोलने का प्रयास किया जब नहीं खुले तो एक लड़के को ऊपर से चढ़ाकर अंदर से कुंडी खुलवाई जैसे अंदर जाकर देखा तो दंग रह गये खून से लथपथ सरदार बाई को देखा साथ ही दीवार पर खून के छीटें लगे बगल में खून लगा फावड़ा वही जमीन पर भी खून के निशान मिले आश्चर्य की बात घर में अगर कोई चोरी के उद्देश्य से आता तो कुछ तो गायब होता लेकिन ऐसा कुछ नहीं जिस बुजुर्ग महिला को इतनी बेहरमी से मारा उसमें बीमारी के चलते बोलने चलने फिरने सहित विरोध करने की क्षमता भी नहीं उक्त हत्या अनेक शंका कुशंका को जन्म देती है।


## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी पड़ रहे कंडम सिस्टम पर भारी, जिम्मेदारों की अनदेखी या फिर मनमानी

# 100 दिन बाद भी कलेक्टर के ऑर्डर पर सीएमएचओ ने नहीं किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सरकारी विभाग कोई भी हो परंतु हालात बेहद शर्मनाक और अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाने वाले। चंद कर्मचारियों की राजनीतिक पकड़ और अकड़ पूरे विभाग के सहज और नियमों का पालन करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों पर भारी कैसे पड जाती है,सिस्टम में धस चुके इस रावण का वध कब होगा यह आज की चुनौती है। ऐसे तो स्वास्थ्य विभाग के कई मामले आए दिन सामने आए फिर जाहे वह बाबूओं की मनमानी के मामले हो या फिर सीएमएचओ की अनदेखी से विभाग में काम की जगह सिर्फ राजनीति नजर आती है।

ऐसे मामलों भी सामने आए जब कलेक्टर को विश्वास में लेकर ऐसे आदेश पर हस्ताक्षर करवा लिए जहां पर कर्मचारियों की पोस्ट तक स्वीकृत नहीं थी बाद में कर्मचारियों ने हाईकोर्ट की शरण ली और अपना हक पाया परंतु विभाग ने गलत सूचना देकर पर कलेक्टर के हस्ताक्षर करवाने वाले मामले में संबंधित कर्मचारी पर कार्यवाही क्यों विभागीय कार्रवाई नहीं की। ऐसा ही दूसरा मामला भी सामने आया है कि जिसमें एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कलेक्टर के आदेश पर 17 जून 25 को करेणी स्थानातरित किया गया था परंतु वह आज तक रिलीव नहीं हो पाया।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) मध्यप्रदेश
आदेश
राजगढ़, दिनांक 17-6-25
Scanned with CamSc

### कलेक्टर के आदेश पर चतुर्थ श्रेणी भी नहीं हो पाया रिलीव

जिले के मुखिया के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की मुखिया सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल की अनदेशी उनकी कार्यशैली को दर्शाती है । चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संदीप झावा का स्थानांतरण जिला अस्पताल राजगढ से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करेडी 17 जून को किया गया था परंतु आज 100 दिनों के बाद भी आदेश का पालन नहीं किया गया और संदीप को रिलीव नही किया गया।

### सीएमएचओ ने बताया कि काम में लापरवाही पर काटा है वेतन

सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल से जब इस बारे में बात की गई तो उन्होने बताया की इस बारे में मुझे बताया ही नहीं गया। मैंने आज ही काम में लापरवाही के चलते करीब 7 कर्मचारियों का 1 दिन के वेतन काटने के आदेश दिए है और आशान्वित किया है कि दशहरे के बाद सभी स्थानारित के बाद जो कर्मचारी रिलीव नहीं हो पाए उनको पहले रिलीव किया जावेगा।

# पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से तलवारों का जखीरा जब्त किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत द्वारा क्षेत्र में लगातार अवैध हथियारों की धरपकड़ हेतु कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक शाजापुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय, अनुविभागी अधिकारी नीमेश देशमुख के मार्गदर्शन में अवैध हथियारों पर कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी कालापीपल मनोहर सिंह जगेत के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।

थाना कालापीपल पुलिस को दिनांक 1 अक्टूबर को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रोसी में रोसी पासीसर जोड़ पर मोती सिंह के खेत के पास रोड पर एक कार क्रमांक एमपी 09 बीडी 1286 में दो व्यक्ति अवैध तलवार लेकर बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने रोसी जोड़ पर पहुंच कर देखा एक कार खड़ी दिखी, जिसमें दो व्यक्ति बैठे मिले, जिनको फोर्स व पंचान की मदद से पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर व्यक्तियों द्वारा अपना नाम आजाद खां पिता शकुर खां उम्र 40 साल निवासी इटावा उज्जैन रोड देवास व रतनलाल पिता लक्ष्मी चंद पटवा जाति लोहार उम्र 62 साल निवासी पुष्प कुंज कॉलोनी राम मंदिर के पास इटावा देवास होना बताया। उनके पास से कार से अवैध 25 तलवार एवं कार जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर खोखराकलां के पास शकील लाला नामक व्यक्ति को हथियार देना कबूल किया। कार्रवाई में उप निरीक्षक रवि भंडारी, उपनिरीक्षक तेज प्रकाश बोहरे, उप निरीक्षक सुनीता मेवाड़ा, अमित नागर, विवेक गोस्वामी, विशाल पटेल, महेश धपानी, वेद प्रकाश परमार, नयन यादव, नीलम परमार, सुमित पटेल, संजय जावरिया, सतीश कुमार, रवि कारपेंटर, मनोज यादव, शैलेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अर्जुन, रोहित, पवन एवं आशीष की भूमिका रही।

## शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**सारंगपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ममता खोईया, नोडल अधिकारी डॉ. अरुणा सोलंकी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. फारूक पठान ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. विमल लोदवाल, डॉ. मोहम्मद वसीम शेख, प्रो. संगीता गुप्ता, श्रीमती सोनम करोड़िया, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, ज्योति बैरागी, धर्मेंद्र खैरवार, भगवान सिंह पाटीदार, पवन कुमार पाटीदार एवं खेल अधिकारी हरिशंकर शर्मा सहित महाविद्यालय का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लिया।

## अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले वक्ता

# 'घर की छत होते हैं बुजुर्ग जो खुद भीगकर हमें रखते हैं सुरक्षित'



**राजगढ़।** अंतराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज संस्था के तत्वावधान में 'गौरवपूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन' विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलग-अलग वक्ताओं किसी भी घर में वृद्धजनों की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इसमें पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, जिपं एडिशनल सीईओ अर्पित गुप्ता, समाजसेवी राजेंद्र जोशी, आर.सी. शर्मा सहित अन्य वरिष्ठजन एवं अतिथि उपस्थित थे।

वक्ताओं ने कहा कि वृद्धजन घर की छत के समान होते हैं जो स्वयं भीगते हुए अपने घर के दूसरे लोगों को सुरक्षित रखते हैं। पूर्व विधायक श्री शर्मा ने कहा कि हर एक वरिष्ठजन एक चलती-फिरती पाठशाला है जिनके अनुभव से हमें जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता है। एसीईओ गुप्ता ने कहा कि बुजुर्गों को वरिष्ठजन या अनुभवी कहा जाना चाहिए। आप तो समाज को बहुत कुछ देना चाहते हैं लेकिन आजकल के युवा अनुभव के सागर से कुछ लेना नहीं चाहते हैं।

### वृद्धजनों से किया आध्यात्म से जुड़ने का आव्हान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रजापिता संस्था प्रभारी मधु दीदी ने कहा कि सभ के तन में विराजमान आत्मा कभी वृद्ध नहीं होती, कभी बीमार नहीं होती। परमपिता परमात्मा भी वर्तमान धर्मग्लानि के समय प्रजापिता के अनुभवी वृद्ध तन में प्रवेश कर विश्व परिवर्तन करते हैं। उन्होंने सभी वरिष्ठजनों से आध्यात्म से जुड़ने का आव्हान किया ताकि उनके अनुभवों का लाभ समाज को मिल सके।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविर आयोजन में कई वरिष्ठजनों ने लिया लाभ

# स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श व उपचार की उपलब्ध कराई निःशुल्क सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र जांच, दंत चिकित्सा, परामर्श सेवाएं तथा आवश्यकतानुसार औषधि वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने वृद्धजनों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा नियमित व्यायाम करने हेतु जागरूक किया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया।इसके साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य कार्यक्रम सहित अन्य सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई।सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की धरोहर हैं और उनके स्वास्थ्य की देखभाल सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वृद्धजनों के लिए समय-समय पर ऐसे शिविर आयोजित किए जाते हैं। ताकि उन्हें नजदीकी स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।



इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बमोरी में सी बीएमओ डॉ. लक्ष्मी कुमार के नेतृत्व में वृद्धजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया वहीं आरोन में सीबीएमओ डॉ के एन भीलवारे ने स्वयं वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसी प्रकार बीनागंज में डॉ. राजेश कुमार पुष्पक ने परीक्षण किया एवं बेहतर जीवन शैली के बारे में बताया। राधौगढ़ में सीबीएमओ डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं म्याना में सीबीएमओ डॉ. शिल्पा टांटिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया।

जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर डॉ व्ही एस रघुवंशी सिविल सर्जन के नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिसमें डॉ रितेश कासल नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. आर एस राजपूत मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ आकांक्षा पांडे नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ जितेंद्र रघुवंशी, डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ चांदनी खान, डॉ अंकिता राजपूत, सत्येंद्र रघुवंशी जिला महामारी विशेषज्ञ एवं स्टाफ उपस्थित रहा।